# *रेलवे बजट 2009-10 **
# *(लेखा अनुदान)*

## प्रस्तावना

वर्ष 2009-10 के लिए रेलवे बजट (लेखा अनुदान) 13 फरवरी 2009 को संसद में पेश किया गया। बजट में 2007-08 के निष्पादन की समीक्षा की गई, 2008-09 के लिए संशोधित प्राक्कलन उपलब्ध कराए गए तथा 2009-10 के लिए बजट प्राक्कलन प्रस्तुत किए गए। 2009-10 के लिए रेलवे बजट चूंकि लेखा अनुदान है, इसमें 2009-10 राजकोषीय वर्ष के पहले चार माह के लिए व्यय की मांग की गई हालांकि पूरे वर्ष के लिए अनुमान दिए गए हैं। तथापि, बजट में यात्री किराये और मूलभूत संरचना के विकास के संबंध में पहल की घोषणा की गई है।

इस लेख में 2009-10 के लिए रेलवे बजट में प्रस्तुत किए अनुसार रेलवे की वित्तीय स्थिति का विश्लेषण किया गया है। भाग I में मुख्य नीतिगत पहलें दी गई हैं। 2008-2009 के संशोधित प्राक्कलन की महत्वपूर्ण गतिविधियां भाग II में दी गई है। भाग III 2009-10 के बजट प्राक्कलन का विश्लेषण प्रस्तुत करता हैं। भाग IV में निष्कर्ष दिए गए हैं।

## I. प्रमुख नीतिगत पहलें

लेखा अनुदान रेलवे बजट 2009-10 में रेलवे की यात्री सेवाओं और प्रतियोगितात्मकता में सुधार लाने का प्रस्ताव है। प्रमुख नीतिगत पहलें निम्नानुसार हैंः-

डबल लाइन पूर्वी समर्पित भाड़ा कारीडोर के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है जबकि पश्चिमी समर्पित भाड़ा कॉरीडोर का कार्य मार्च 2009 से शुरु हो जाएगा। 14 नई लाइनें बिछाने, 3 मार्गों पर रूपान्तरण, 8 मार्गों पर ट्रैक डबल करने का काम शुरू करने के लिए सर्वेक्षण किया गया।

* आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग के केन्द्रीय वित्त प्रभाग में तैयार किया गया। यह लेख 13 फरवरी 2009 को संसद में प्रस्तुत किए गए लेखा - अनुदान रेलवे बजटः 2009-10 पर आधारित है।

- देश के विभिन्न क्षेत्रों में बुलेट गाड़ियों की पूर्व व्यवहार्यता का अध्ययन किया जाएगा।
- भागलपुर और थावे में दो नए रेलवे प्रभागों की स्थापना की जाएगी ताकि सुधारयुक्त गाड़ियों के परिचालन को सुविधाजनक बनाया जा सके।
- बजट में 42 नए मार्गों पर नई गाड़ियाँ चलाने, 15 मार्गों पर रेल सेवा बढ़ाने और 14 रेल सेवाओं की बारम्बारता बढ़ाने का प्रस्ताव है।
- गैर उप-नगरीय मेल/एक्सप्रेस और सामान्य यात्री गाड़ियों में 50 रुपए प्रति यात्री के किराये पर एक रुपए की कटौती की गई है। यह कटौती 10 कि.मी. तक की दूसरी श्रेणी की रेल यात्रा पर लागू नहीं होगी। सभी मेल/एक्सप्रेस और सामान्य यात्री गाडियों के द्वितीय तथा स्लीपर श्रेणी में 50 रुपए प्रति यात्री किरायों में 2 प्रतिशत की कटौती की गई है। एसी प्रथम श्रेणी, एसी II टियर, एसी III तथा एसी कुर्सी यान के किरायों में 2 प्रतिशत की कटौती की गई है।

## II. संशोधित प्राक्कलन: 2008-09[1]

संशोधित प्राक्कलन (आरई) में 2008-09 के लिए यात्री आय 22,330 करोड़ रुपए तथा भाड़े से आय 54,293 करोड़ रुपए थी जो बजट प्राक्कलन (बीई) से 3.0 प्रतिशत प्रत्येक, अधिक थी। अन्य (पार्सल और सामान) से आय बीई और आरई के बीच वही बनी रही (2,420 करोड़ रुपए)। अतः 2008-09 (आरई) में सकल यातायात प्राप्तियाँ 82,393 करोड़ रुपए अनुमानित थी (बजट स्तर से 6.0 प्रतिशत अधिक)। कुल कार्यकारी व्यय में 5,900 करोड़ रुपए से 72,490 करोड़ रुपए तक की वृद्धि होने की संभावना है जिससे 2008-09 के दौरान संसाधनों के आंतरिक सृजन पर अत्यधिक प्रहार हो सकता है। इसके फलस्वरूप, रेलवे के परिचालनों से बीई में प्रक्षेपित 11,787 करोड़ रुपए की तुलना में 2008-09 के आरई में 6,355 करोड़ रुपए का कम आधिक्य स्पष्ट होता है। पूंजी निधि की गणना बीई में 10,840 करोड़ रुपए से कम हो कर 5,875 करोड़ रुपए हो गई है। इसके परिणामस्वरूप, परिचालनगत अनुपात आरई में 88.3 प्रतिशत से कम हो कर बीई में 81.4 प्रतिशत हो गया है। पूंजी निवेश पर निवल आय बीई में 15.8 प्रतिशत से कम हो कर 10.6 प्रतिशत हो गई (विवरण 1)। यह उल्लेखनीय है कि वित्तीय अनुपातों में गिरावट छठा वेतन आयोग लागू होने के कारण थी जो आरई में बीई से बहुत अधिक थी।

[1] इस भाग में दिए गए 2008-09 की सभी तुलनाएं बजट अनुमानों से हैं, यदि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो।

**सारणी 1: प्रमुख वित्तीय अनुपात**

(प्रतिशत)

| वर्ष | परिचालनगत अनुपात | प्रभार-पर-पूंजी की प्रतिशतता के अनुसार निवल रेलवे राजस्व |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 2000-01 | 98.3 | 2.5 |
| 2001-02 | 96.0 | 5.0 |
| 2002-03 | 92.3 | 7.5 |
| 2003-04 | 92.1 | 8.0 |
| 2004-05 | 91.0 | 8.9 |
| 2005-06 | 83.2 | 15.4 |
| 2006-07 | 78.7 | 19.6 |
| 2007-08 | 75.9 | 20.7 |
| 2008-09 सं.अ. | 88.3 | 10.6 |
| 2009-10 ब.अ. | 89.9 | 9.1 |

**टिप्पणी:** लीज़ प्रभारों के लेखांकन में परिवर्तन के कारण, 2005-06 से सामान्य कार्यकारी व्यय से केवल ब्याज प्रभारित किया जाता है तथा प्लान व्यय से मूलधन।

*योजना परिव्यय*


वार्षिक योजना परिव्यय 2009-10 के लिए 37,905 करोड़ रुपए रखा गया था, जो पिछले वर्ष से 1.0 प्रतिशत अधिक था। कुल परिव्यय में से 72 प्रतिशत (27,292 करोड़ रुपए) का वित्तपोषण संसाधनों के आंतरिक सृजन तथा बजट संसाधनों से अतिरिक्त में से किया जाएगा। सामान्य राजस्व से बजट संबंधी समर्थन से 25.3 प्रतिशत (9,600 करोड़ रु.) को वित्तपोषण किया जाएगा।

## III. बज़ट प्राक्कलन: 2009-10[2]

2009-10 के लिए सकल यातायत प्राप्तियाँ, जो बजट में 93,159 करोड़ रुपए अनुमानित थी, 2008-09 के लिए संशोधित प्राक्कलनों से 13.1 प्रतिशत अधिक होंगी (एक वर्ष पहले 14.9 प्रतिशत थी)। सभी घटक, 'विविध अन्य आय' को छोड़कर, पिछले वर्ष की अपेक्षा निम्नतर वृद्धि दर्ज करेंगे। भाड़ा आय में 59,059 करोड़ रुपए पर 8.8 प्रतिशत की वृद्धि होगी (पिछले वर्ष में 14.5 प्रतिशत)। 25,000 करोड़ रुपए पर यात्री आय में आरई की अपेक्षा 12.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाने का अनुमान है (पिछले वर्ष में 12.5 प्रतिशत)। तथापि, 'विविध अन्य आय' में 2009-10 में 6000 करोड़ रुपए पर 84.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है (पिछले वर्ष 26.7 प्रतिशत) (विवरण 1)। 2009-10 के लिए कुल कार्यकारी व्यय, जो 83,590 करोड़ रुपए का अनुमान था, 15.3 प्रतिशत अधिक होगा, यह 2008-09 में 33.1 प्रतिशत से काफी कम है। 62,900 करोड़ रुपए पर निवल कार्यकारी व्यय में 14.4 प्रतिशत की वृद्धि होगी जबकि 13,690 करोड़ रुपए पेंशन निधि की गणना में 2008-09 की आरई पर 30.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी (चार्ट 1 तथा विवरण 1)। मरम्मत और रखरखाव के लिए आबंटन 2009-10 के लिए निवल सामान्य कार्यकारी व्यय का 34.0 प्रतिशत होने का अनुमान है (विवरण 2)।

रेलवे के निवल राजस्व (कुल प्राप्तियों में से कुल व्यय घटाएं) में 1.7 प्रतिशत की कमी होने का अनुमान है (190 करोड़ रुपए पर), 2008-09 में (7,269 करोड़ रुपए) यह गिरावट 39.6 प्रतिशत पर बहुत अधिक

चार्ट 1: रेलवे का राजस्व, व्यय और आधिक्य




[2] इस खण्ड में, राजकोषीय वर्ष 2009-10 के सभी संदर्भ बजट प्राक्कलन से संबंधित हैं और सभी तुलनात्मक आंकड़े 2008-09 के लिए संशोधित प्राक्कलनों के संबंध में हैं, जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न किया जाए।

थी। 2009-10 में परिचालनगत अनुपात के 2008-09 में 88.3 प्रतिशत की तुलना में 89.9 प्रतिशत पर अधिक होगा। कुल लाभांश भुगतान में 5,304 करोड़ रुपए पर 2009-10 में 12.6 प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष में 4,711 करोड़ रुपए पर 3.9 प्रतिशत की कमी थी। 2009-10 के लिए निवल आधिक्य (निवल राजस्व में से कुल देय लाभांश घटाएं) 5,572 करोड़ रुपए पर होने का अनुमान है जो 2008-09 में 12.3 प्रतिशत कम है। पूंजी पर आय (अर्थात प्रभार पर पूंजी की तुलना में निवल राजस्व तथा पूंजी निधि में से निवेश) 9.1 प्रतिशत होने का अनुमान है जो 2008-09 में 10.6 प्रतिशत से कम है (सारणी 1)।

2009-10 के लिए वार्षिक योजना में प्रमुख रूप से आधुनिकीकरण आधारभूत संरचना के विकास और भाड़ा बढ़ाने की क्षमता पर जोर दिया गया है। पश्चिमी समर्पित भाड़ा कारिडोर भी निर्माणाधीन है। वार्षिक योजना के लिए पर्याप्त राशि का आबंटन करके निवेश के आवेग को बनाए रखा है।

## IV. निष्कर्ष

2008-09 आरई के अनुसार रेलवे के वित्तीय निष्पादन से भाड़ा आय पर वैश्विक मंदी के प्रभाव के मद्देनजर कुछ गिरावट दिखाई देती है। 2009-10 के बजट प्राक्कलन में वित्तीय निष्पादन में और गिरावट के संकेत हैं। परिचालनगत अनुपात में कुछ वृद्धि होने की संभावना है जबकि पूंजी पर आय कम होने की आशा है। यह कार्यकारी व्यय और पेंशन के प्रावधान में वृद्धि के कारण है। हालांकि यह लेखा अनुदान बजट है, इसमें यात्रियों को दी जाने वाली सेवाओं में सुधार करने के साथ-साथ रेलवे में प्रतियोगितात्मकता को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। 2009-10 के लिए वार्षिक योजना परिव्यय में आंतरिक और बजट संसाधनों के अतिरिक्त लगभग 72 प्रतिशत के अंशदान से पिछले वर्ष की अपेक्षा कुछ अधिक है। बजट में रेल नेटवर्क के विस्तार के साथ-साथ नई यात्री गाड़ियां चलाने का प्रस्ताव है। बजट में विभिन्न श्रेणियों के यात्री किराये में कटौती प्रस्तावित है। बजट प्राक्कलन संतुलित हैं तथा वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल के समय में आर्थिक गतिविधि में अपेक्षित मितव्ययता के प्रतिनिधि हैं।

**विवरण 1 : रेलवे के वित्तीय परिणाम**

(करोड़ रुपए)

| मदें | 2007-08 (वास्तविक) | 2008-09 (बजट अनुमान) | 2008-09 (संशोधित अनुमान) | 2009-10 (बजट अनुमान) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **1. सकल परिवहन प्राप्तियां (क से ड़ तक)** | **71,720** | **81,901** | **82,393** | **93,159** |
| क. यात्री किराये से आय | 19,844 | 21,681 | 22,330 | 25,000 |
| ख. माल भाड़े से आय | 47,435 | 52,700 | 54,293 | 59,059 |
| ग. अन्य फुटकर आय | 2,565 | 5,000 | 3,250 | 6,000 |
| घ. अन्य सवारी डिब्बों से आय | 1,800 | 2,420 | 2,420 | 3,000 |
| ड़. उचंत | 75 | 100 | 100 | 100 |
| **2. कुल विविध प्राप्तियां (क से घ तक)** | **1,557** | **1,796** | **1,840** | **2,147** |
| क. निधि शेष पर ब्याज | 0 | 0 | 0 | 0 |
| ख. यात्री किराये पर सुरक्षा प्रभार से प्राप्तियां | 0 | 0 | 0 | 0 |
| ग. लाभांश राहत और अन्य रियायतों के प्रति सामान्य राजस्वों से सब्सिडी | 1,468 | 1,708 | 1,735 | 2,026 |
| घ. अन्य विविध प्राप्तियां | 89 | 88 | 105 | 121 |
| **3. कुल प्राप्तियां (1+2)** | **73,277** | **83,697** | **84,233** | **95,306** |
| 4. सामान्य कार्यकारी खर्च | 41,033 | 50,000 | 55,000 | 62,900 |
| 5. पेन्शन निधि में विनियोजन | 7,979 | 9,590 | 10,490 | 13,690 |
| 6. मूल्यह्रास आरक्षित निधि में विनियोजन | 5,450 | 7,000 | 7,000 | 7,000 |
| **7. कुल कार्यकारी खर्च {4+5+6}** | **54,462** | **66,590** | **72,490** | **83,590** |
| **8. कुल विविध खर्च** | **480** | **684** | **677** | **840** |
| क. विशेष रेल निधि में विनियोजन | 0 | 0 | 0 | 0 |
| ख. ओपन लाइन वर्क्स (राजस्व)(ओ.एल. डब्ल्यूआर) | 47 | 60 | 58 | 60 |
| ग. अन्य विविध खर्च | 434 | 624 | 619 | 780 |
| **9. कुल व्यय (7+8)** | **54,942** | **67,274** | **73,167** | **84,430** |
| **10. निवल राजस्व (3-9)** | **18,335** | **16,423** | **11,066** | **10,876** |
| 11. क. सामान्य राजस्व के लिए देय लाभांश | 4,239 | 4,636 | 4,711 | 5,304 |
| ख. आस्थगित लाभांश का भुगतान | 664 | 0 | 0 | 0 |
| ग. कुल लाभांश भुगतान (क + ख) | 4,903 | 4,636 | 4,711 | 5,304 |
| **12. अधिशेष [10-11(ग)]** | **13,432** | **11,787** | **6,355** | **5,572** |
| 13. विकास निधि में विनियोजन | 2,359 | 947 | 1,391 | 0 |
| 14. पूंजीगत निधि में विनियोजन | 11,072 | 10,840 | 4,965 | 5,572 |
| 15. रेल सुरक्षा निधि में विनियोजन | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16. विशेष रेल सुरक्षा निधि में विनियोजन | 813 | 53 | 0 | 53 |
| **17. परिचालन अनुपात** | **75.9** | **81.4** | **88.3** | **89.9** |
| **18. प्रभार्य पूंजी तथा पूंजीगत निधि से निवेश की तुलना में निवल राजस्व का अनुपात** | **20.7** | **15.8** | **10.6** | **9.1** |

**स्रोत :** रेलवे बजट 2009-10 पर व्याख्यात्मक ज्ञापन।

**विवरण 1 : रेलवे के वित्तीय परिणाम** *(समाप्त)*

(करोड़ रुपए)

| मदें | घट-बढ़ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्तंभ 3 की तुलना में स्तंभ 4 | | स्तंभ 2 की तुलना में स्तंभ 4 | | स्तंभ 4 की तुलना में स्तंभ 5 | |
| | राशि | प्रतिशत | राशि | प्रतिशत | राशि | प्रतिशत |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| **1. सकल परिवहन प्राप्तियां (क से ड़ तक)** | **492** | **0.6** | **10,673** | **14.9** | **10,766** | **13.1** |
| क. यात्री किराये से आय | 649 | 3.0 | 2,486 | 12.5 | 2,670 | 12.0 |
| ख. माल भाड़े से आय | 1,593 | 3.0 | 6,858 | 14.5 | 4,766 | 8.8 |
| ग. अन्य फुटकर आय | -1,750 | -35.0 | 685 | 26.7 | 2,750 | 84.6 |
| घ. अन्य सवारी डिब्बों से आय | 0 | 0.0 | 620 | 34.4 | 580 | 24.0 |
| ड़. उचंत | 0 | 0.0 | 25 | 33.3 | 0 | 0.0 |
| **2. कुल विविध प्राप्तियां (क से घ तक)** | **44** | **2.4** | **283** | **18.2** | **307** | **16.7** |
| क. निधि शेष पर ब्याज | 0 | – | 0 | – | 0 | – |
| ख. यात्री किराये पर सुरक्षा प्रभार से प्राप्तियां | 0 | – | 0 | – | 0 | – |
| ग. लाभांश राहत और अन्य रियायतों के प्रति सामान्य राजस्वों से सब्सिडी | 27 | 1.6 | 267 | 18.2 | 291 | 16.8 |
| घ. अन्य विविध प्राप्तियां | 17 | 19.3 | 16 | 18.0 | 16 | 15.2 |
| **3. कुल प्राप्तिया (1+2)** | **536** | **0.6** | **10,956** | **15.0** | **11,073** | **13.1** |
| 4. सामान्य कार्यकारी खर्च | 5,000 | 10.0 | 13,967 | 34.0 | 7,900 | 14.4 |
| 5. पेन्शन निधि में विनियोजन | 900 | 9.4 | 2,511 | 31.5 | 3,200 | 30.5 |
| 6. मूल्यह्रास आरक्षित निधि में विनियोजन | 0 | 0.0 | 1,550 | 28.4 | 0 | 0.0 |
| **7. कुल कार्यकारी खर्च {4+5+6}** | **5,900** | **8.9** | **18,028** | **33.1** | **11,100** | **15.3** |
| **8. कुल विविध खर्च** | **-7** | **-1.0** | **197** | **41.0** | **163** | **24.1** |
| क. विशेष रेल निधि में विनियोजन | 0 | – | 0 | – | 0 | – |
| ख. ओपन लाइन वर्क्स (राजस्व)(ओ.एल. डब्ल्यूआर) | -2 | -3.3 | 11 | 23.4 | 2 | 3.4 |
| ग. अन्य विविध खर्च | -5 | -0.8 | 185 | 42.6 | 161 | 26.0 |
| **9. कुल व्यय (7+8)** | **5,893** | **8.8** | **18,225** | **33.2** | **11,263** | **15.4** |
| **10. निवल राजस्व (3-9)** | **-5,357** | **-32.6** | **-7,269** | **-39.6** | **-190** | **-1.7** |
| 11. क. सामान्य राजस्व के लिए देय लाभांश | 75 | 1.6 | 472 | 11.1 | 593 | 12.6 |
| ख. आस्थगित लाभांश का भुगतान | 0 | – | -664 | -100.0 | 0 | – |
| ग. कुल लाभांश भुगतान (क + ख) | 75 | 1.6 | -192 | -3.9 | 593 | 12.6 |
| **12. अधिशेष [10-11(ग)]** | **-5,432** | **-46.1** | **-7,077** | **-52.7** | **-783** | **-12.3** |
| 13. विकास निधि में विनियोजन | 444 | 46.9 | -968 | -41.0 | -1,391 | -100.0 |
| 14. पूंजीगत निधि में विनियोजन | -5,875 | -54.2 | -6,107 | -55.2 | 607 | 12.2 |
| 15. रेल सुरक्षा निधि में विनियोजन | 0 | – | 0 | – | 0 | – |
| 16. विशेष रेल सुरक्षा निधि में विनियोजन | -53 | -100.0 | -813 | -100.0 | 53 | – |
| **17. परिचालन अनुपात** | **7** | **8.5** | **12** | **16.3** | **2** | **1.8** |
| **18. प्रभार्य पूंजी तथा पूंजीगत निधि से निवेश की तुलना में निवल राजस्व का अनुपात** | **-5** | **-32.9** | **-10** | **-48.8** | **-2** | **-14.2** |

## विवरण 2 : भारतीय रेलवे का माल भाड़ा तथा यात्री किराया

(करोड़ रुपए)

| मदें | 2007-08 (वास्तविक) | 2008-09 (बजट अनुमान) | 2008-09 (संशोधित अनुमान) | 2009-10 (बजट अनुमान) | घट-बढ़ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्तंभ 3 की तुलना में स्तंभ 4 | | स्तंभ 2 की तुलना में स्तंभ 4 | | स्तंभ 4 की तुलना में स्तंभ 5 | |
| | | | | | राशि | प्रति-शत | राशि | प्रति-शत | राशि | प्रति-शत |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| **निवल सामान्य कार्यकारी व्यय (क से ज)** | **41,033 (100.0)** | **50,000 (100.0)** | **55,000 (100.0)** | **62,900 (100.0)** | **5,000** | **10.0** | **13,967** | **34.0** | **7,900** | **14.4** |
| क) सामान्य पर्यवेक्षण और सेवाएं | 2,291 (5.6) | 3,141 (6.3) | 3,562 (6.5) | 4,372 (7.0) | 421 | 13.4 | 1,271 | 55.5 | 810 | 22.7 |
| ख) दुरुस्ती और रखरखाव | 12,982 (31.6) | 16,173 (32.3) | 18,033 (32.8) | 21,401 (34.0) | 1,860 | 11.5 | 5,051 | 38.9 | 3,368 | 18.7 |
| ग) परिचालन व्यय (यातायात) | 6,602 (16.1) | 8,509 (17.0) | 9,539 (17.3) | 10,924 (17.4) | 1,030 | 12.1 | 2,937 | 44.5 | 1,385 | 14.5 |
| घ) परिचालन व्यय (ईंधन) | 12,150 (29.6) | 13,618 (27.2) | 14,218 (25.9) | 14,856 (23.6) | 600 | 4.4 | 2,068 | 17.0 | 638 | 4.5 |
| ङ परिचालन व्यय (रोलिंग स्टॉक और उपस्कर) | 3,249 (7.9) | 3,914 (7.8) | 4,458 (8.1) | 5,108 (8.1) | 544 | 13.9 | 1,209 | 37.2 | 650 | 14.6 |
| च) स्टाफ कल्याण और सुविधाएं | 1,845 (4.5) | 2,313 (4.6) | 2,597 (4.7) | 3,100 (4.9) | 284 | 12.3 | 752 | 40.8 | 503 | 19.4 |
| छ) उचंत | 56.0 (0.1) | -35.0 -(0.1) | -146.0 -(0.3) | -93.0 -(0.1) | -111 | 317.1 | -202 | -360.7 | 53 | -36.3 |
| झ) अन्य* | 1,858 (4.5) | 2,367 (4.7) | 2,739 (5.0) | 3,232 (5.1) | 372 | 15.7 | 881 | 47.4 | 493 | 18.0 |

* : विविध कार्यकारी व्यय, भविष्य निर्वाह निधि, पेंशन और अन्य सेवा निवृत्ति लाभ सहित।

**टिप्पणी :** कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल का प्रतिशत दर्शाते हैं।

**स्रोत :** रेल बजट : 2009-10 पर व्याख्यात्मक ज्ञापन।